# खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
## पावर हाउस रोड, मैनपुरी

Email ID- upjnrmainpuri@upjn.co.in

पत्र सं0– 1314 / पेयजल आ० / 20 दिं0 13/5/2026

सेवा में,

मुख्य अभियंता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
6–राणा प्रताप मार्ग
लखनऊ।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के आगरा संस्करण में दिनांक 13.05.2026 को प्रकाशित "खेडामहान में जल जीवन मिशन फेल पानी को तरसे लोग" शीर्षक खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन 'हर घर जल' के फेज–2 के अन्तर्गत निर्माणाधीन जनपद में 418 नग पेयजल योजना में 526 ग्राम पंचायत व 783 राजस्व ग्राम सम्मिलित किये गये है जिसमें प्रस्तावित 478 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 172 नग अवर जलाशय पूर्ण किये गये है, 306 नग अवर जलाशय का कार्य प्रगति पर है, कुल प्रस्तावित 259933 नग गृह पेयजल संयोजन के सापेक्ष 255931 नग गृह पेयजल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 73 नग पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 425 राजस्व ग्राम में आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। योजना पर जनपद की भौतिक प्रगति 82.40 प्रतिशत है।

जनपद मैनपुरी के विकास खण्ड– बरनाहल की ग्राम पंचायत खेडामहान ग्राम पेयजल योजना के निर्माण कार्यो की प्रगति आख्या निम्नवत है–


योजनान्तर्गत खेडामहान ग्राम पेयजल योजना (स्वीकृत लागत 266.03 लाख) में 01 ग्राम पंचायत–खेडामहान सम्मलित है। जिसके अन्तर्गत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु 1 नग अवर जलाशय, 1 नग नलकूप, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग बाउण्ड्री वाल एवं वितरण प्रणाली 9.48 किमी0 एवं 597 नग एफ0एच0टी0सी0 प्रस्तावित है।

जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 1 नग नलकूप, 1 नग बाउण्ड्री वाल, एवं 1 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है एवं अवर जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है वितरण प्रणाली 8.96 कि0मी0 बिछायी जा चुकी है तथा 8.96 कि0मी0 सड़क पुर्नस्थापना की जा चुकी है एवं 454 घरों को पेयजल गृह संयोजन प्रदान किये जा चुके है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। योजना पर भौतिक प्रगति 86 प्रतिशत के सापेक्ष वर्तमान तक वित्तीय प्रगति 61.53 प्रतिशत है। योजना के कार्य पूर्ण की तिथि 31.03.2027 है। वर्तमान में धनाभाव के कारण कार्य बाधित है।

अतः खण्ड कार्यालय के कार्यक्षेत्रान्तर्गत जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत निर्माणाधीन उक्त पेयजल योजना के सम्बन्ध में आख्या पत्र के साथ संलग्न कर सादर प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।






भवदीय

अधिशासी अभियंता

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियंता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. अधीक्षण अभियंता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
4. श्री विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियंता को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियंता

Letter- 50369 (B)

Scanned with OKEN Scanner

## खेड़ामहान में जल जीवन मिशन फेल, पानी को तरसे लोग

Newswrap हिन्दुस्तान

Mainpuri News - बरनाहल। हर घर जल योजना के तहत क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत में पानी की टंकियां बनाने और पाइपलाइन बिछाने के बाद भी ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना




हर घर जल योजना के तहत क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत में पानी की टंकियां बनाने और पाइपलाइन बिछाने के बाद भी ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई ग्राम पंचायतों में पानी की टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा है। वहीं कई ग्राम पंचायतों में टंकी तो बन गई लेकिन पानी की सप्लाई नहीं हुई, जिससे गर्मी में पानी का संकट गहरा गया है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत खेड़ामहान में ग्रामीणों को शुद्ध पानी का इंतजार है। हर घर जल के तहत प्रोजेक्ट तैयार किया गया था, जिसके मुताबिक वर्ष 2023 तक इन सभी गांवों में पाइपलाइन बिछाकर पानी की सप्लाई की जानी थी।

<u>दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के आगरा संस्करण में दिनांक 13.05.2026 को प्रकाशित "खेडामहान में जल जीवन मिशन फेल पानी को तरसे लोग" शीर्षक खबर के सम्बन्ध में।</u>

केन्द्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन 'हर घर जल' के फेज–2 के अन्तर्गत निर्माणाधीन जनपद में 418 नग पेयजल योजना में 526 ग्राम पंचायत व 783 राजस्व ग्राम सम्मिलित किये गये है जिसमें प्रस्तावित 478 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 172 नग अवर जलाशय पूर्ण किये गये है, 306 नग अवर जलाशय का कार्य प्रगति पर है, कुल प्रस्तावित 259933 नग गृह पेयजल संयोजन के सापेक्ष 255931 नग गृह पेयजल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 73 नग पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 425 राजस्व ग्राम में आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। योजना पर जनपद की भौतिक प्रगति 82.40 प्रतिशत है।

जनपद मैनपुरी के विकास खण्ड– बरनाहल की ग्राम पंचायत खेडामहान ग्राम पेयजल योजना के निर्माण कार्यो की प्रगति आख्या निम्नवत है–

योजनान्तर्गत खेडामहान ग्राम पेयजल योजना (स्वीकृत लागत 266.03 लाख) में 01 ग्राम पंचायत–खेडामहान सम्मलित है। जिसके अन्तर्गत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु 1 नग अवर जलाशय, 1 नग नलकूप, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग बाउण्ड्री वाल एवं वितरण प्रणाली 9.48 किमी0 एवं 597 नग एफ0एच0टी0सी0 प्रस्तावित है।

जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 1 नग नलकूप, 1 नग बाउण्ड्री वाल, एवं 1 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है एवं अवर जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है वितरण प्रणाली 8.96 कि0मी0 बिछायी जा चुकी है तथा 8.96 कि0मी0 सड़क पुर्नस्थापना की जा चुकी है एवं 454 घरों को पेयजल गृह संयोजन प्रदान किये जा चुके है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। योजना पर भौतिक प्रगति 86 प्रतिशत के सापेक्ष वर्तमान तक वित्तीय प्रगति 61.53 प्रतिशत है। योजना के कार्य पूर्ण की तिथि 31.03.2027 है। वर्तमान में धनाभाव के कारण कार्य बाधित है।

अतः खण्ड कार्यालय के कार्यक्षेत्रान्तर्गत जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत निर्माणाधीन उक्त पेयजल योजना के सम्बन्ध में आख्या पत्र के साथ संलग्न कर सादर प्रेषित की जा रही है।

(हस्ताक्षर)
अधिशासी अभियंता

Letter- 50369 (B)

Scanned with OKEN Scanner